कार्यालय अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) मध्यप्रदेश भोपाल

कमांक/सरक्षण/कक्ष–1/ 1161 भोपाल,दिनांक 2-5-04 24-5-04

प्रति,

समस्त वन संरक्षक

क्षेत्रीय एवं वन्य प्राणी,

मध्यप्रदेश ।

विषयः– अग्नि वर्ष 2004 में वन अग्नि की घटनाओं का अनुश्रवण ।

संदर्भः– कार्यालयीन पत्र कमांक/संरक्षण/कक्ष–1/1097 दिनांक 18–5–04 .

–0–

इस कार्यालय के संदर्भित पत्र से अग्नि घटना की मानीटरिंग करने हेतु विशेष दल बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है । इस कार्यालय के उक्त पत्र से प्रत्येक वृत्त में अग्नि अनुश्रवण दल की ड्यूटी लगाई गई है । यह दल दिनांक 4 जून 2004 को आपके कार्यालय मे रिपोर्ट करेंगे । इस अनुश्रवण दल को चयन की गयी बीटों की सूची सौंपकर उन्हें पूर्ण मार्गदर्शन देवें । दल के सदस्यों को विभिन्न रेंज एवं स्थल तक भेजने की भी व्यवस्थाकरें । क्षेत्रीय स्टाफ को यह भी निर्देश देवें कि मानीटरिंग दल को मानीटरिंग कार्य में सहयोग करें ।

अग्नि घटना का अनुश्रवण करने हेतु प्रत्येक रेंज से एक या दो बीट का चयन रेन्डम सेम्पलिंग के आधार पर किया गया है । आपके वृत्त में चयन की गयी बीटों की सूची संलग्न है । इन चयन की गयी बीटों के नाम की जांच कर लेवें, यदि रेंज/बीट के पुनर्गठन के कारण नाम में कुछ परिवर्तन है तो चयन की गई बीट से लगी हुयी बीट का आप स्वयं चयन कर सूची में सुधार कर लेवें । तत्पश्चात यह सूची दल प्रभारी वन क्षेत्रपाल को देकर उक्त अनुश्रवण कार्यकम हेतु दल को मार्गदर्शन देकर उन्हें फील्ड में भेज देवें ।

कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि बीटों के मानचित्र दल प्रभारी को अवश्य उपलब्ध हो जावें । बगैर बीट के मानचित्र के अग्नि अनुश्रवण कार्य सम्भव नहीं होगा ।

संलग्नः– ———————— वृत्त में चयन की गयीं बीटों कीं सूची ।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षरक (संरक्षण)

मध्यप्रदेश भोपाल